RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 09 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 227 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नवाब मलिक के अपमान को लेकर भड़की सुप्रिया सुले
# भारतीय जनता पार्टी पर साधा निशाना

**मुंबई : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने भारतीय जनता पार्टी को ''भ्रष्ट जुमला पार्टी'' बताया है और उस पर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक का ''अपमान'' करने व अजित पवार समूह को फंसानेका आरोप लगाया है।**





उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मलिक को सता पक्ष की सीट पर बिठाने का विरोध करते हुए अजित पवार को पत्र लिखा था, जिसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुले ने कहा, मैंने वह पत्र पढ़ा है और जिस तरह से नवाब मलिक का अपमान किया गया है वह गलत है। उन्होंने बृहस्पतिवार को 'आरोप लगाया कि भाजपा ''भ्रष्ट जुमला पार्टी'' बन गई है और उसने अजित पवार समूह को फंसाया है।

फडणवीस ने बृहस्पतिवार को अजित पवार को पत्र लिखकर धनशोधन मामले में आरोपी मलिक को सत्तारूढ़ महायुतिगठबंधन में शामिल करने पर अपनी आपत्ति जताई थी। भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने फरवरी 2022 में मलिक को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह चिकित्सकीय आधार पर जमानत पर हैं। मलिक ने बृहस्पतिवार को यहां महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में भाग लिया। वह सदन में सबसे अंतिम पंक्ति में, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के एक विधायक के पास में बैठे थे। जेल से रिहाई के बाद मलिक ने पहली बार विधानमंडल के सत्र में हिस्सा लिया था।

फडणवीस ने अजित पवार को लिखे पत्र में कहा था कि एक विधायक के तौर पर मलिक को विधानमंडल के सत्र में हिस्सा लेने का अधिकार है और ''हमें (भाजपा को) उनसे कोई निजी दुश्मनी या वैमनस्य नहीं है।पत्र में उन्होंने आगे लिखा ''बहरहाल, वह जिन आरोपों का सामना कर रहे हैं उन्हें देखते हुए हमारी राय है कि उन्हें महायुति में शामिल करना उचित नहीं होगा। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पवार को लिखे पत्र में यह भी कहा कि मलिक स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जमानत मिलने की वजह से जेल से बाहर आए हैं। उन्होंने पत्र में लिखा ''हम मानते हैं कि आपकी पार्टी में किसे शामिल करना

## रकम डबल करने के नाम पर जनता को सपने दिखाने वालो की खैर नहीं
# सरकार पौंजी योजना को बनाएगी सख्त!



**नागपुर** : गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जनता के रकम को डबल करने के नाम पर जनता को सपने दिखाने वाले नागरिकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को विधानसभा में भाजपा विधायक प्रशांत ठाकुर ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से नागरिकों को डबल पैसे के नाम पर धोखाधड़ी का मुद्दा सदन में उपस्थित किया था जिसके जवाब में फडणवीस बोल रहे थे.उन्होंने कहा कि ऐसे पोंजी योजनाओं के माध्यम से लूट रहे लोगों को बचाने के लिए सरकार एक अध्ययन समूह की टीम गठित करेंगी। ताकि नियम कानून को और सख्त बनाया जा सके। राज्य में पोंजी योजनाओं के बढ़ते मामलों का अध्ययन करने के लिए एक अध्ययन समूह बनाया जाएगा, जो तीन महीने तक हर पहलू पर अध्ययन करेगी। समूह अपनी सिफारिशें दे देगा तो राज्य मौजूदा कानूनों में आवश्यक बदलाव करेगा। हम लोगों की गाढ़ी कमाई लूटे जाने की घटनाओं को कम करने के लिए नियमों को सख्त बनाएंगे। इस चर्चा में रवींद्र वायकर, अशोक चव्हाण, बालासाहेब थोराट सहित कई सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## दहिसर में गैस की पाइपलाइन फटी



**मुंबई** : मुंबई के दहिसर पूर्व में जरीमरी गार्डन के किनारे फुटपाथ की खुदाई के दौरान गैस के पाइप लाइन फटने की घटना सामने आते ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। दअरसल मामला शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे के दरमियान का है। जहा फुटपाथ को खोदकर नए नया फुटपाथ बनाने के लिए जेसीबी से जमीन की खुदाई की जा रही थी। अचानक जमीन के नीचे से गई गैस की पाइप लाइन फट गई। पाइप लाइन फटने की वजह से गैस का रिसाव होने लगा। जिसे देख जेसीबी चालक भाग खड़ा हुआ। स्थानिकों और अन्य कर्मचारियों द्वारा घटना कि जानकारी फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई। पुलिस ने गार्डन की तरफ आने जाने वाले सड़क को कुछ घंटो के लिए बंद कर दिया। कोई बड़ी घटना घटित होती इससे पहले फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा गैस की पाइप लाइन को बंद कर दिया गया।

## वंचित बहुजन आघाडी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व में सभी धर्मों के लोगो के साथ पालस्तीन पर इजराइल के जुल्म के खिलाफ एक शांति आंदोलन रखा गया




**मुंबई** : वंचित बहुजन आघाडी के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व में सभी धर्मों के लोगो के साथ, मुंबई के आजाद मैदान में पालस्तीन पर इजराइल के जुल्म के खिलाफ एक शांति आंदोलन रखा गया था , इस आंदोलन में हजारों की तादात में लोग आए थे मंच पर हिन्दू मुस्लिम ईसाई बौद्ध धर्म के धर्म गुरु भी उपस्तित थे ।

# शराब पीने के लिए पत्नी का किया कत्ल!
## पत्नी से चाहता था शराब के लिए पैसा...



**मुंबई** : बोरीवली रेल्वे पुलिस ने एक महिला की हत्या के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया था। पुलिस ने जांच के लिए तीन टीमें बनाई और उसीने जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को रेलवे कंपाउंड, पांडुरंगवाड़ी के सामने, गोरेगांव में सात दिसंबर को अपने घर में बेहोशी के हालात में पाया गया। आनन फानन में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने देखा कि महिला के चेहरे, गर्दन और पैरों पर गंभीर पिटाई के निशान थे। देखने से लग रहा था कि किसी ने उन्हें बेहोश कर पीटा था। अस्पताल में मृत घोषित होने के बाद सब-इंस्पेक्टर मुगलगीर ने उनके शव का पोस्टमार्टम कराया। जिस महिला का शव मिला था उसका नाम परवीन मोइनुद्दीन अंसारी (26) है।

**शराब के पैसे के लिए पति करता था पिटाई**

पुलिस ने उसके रिश्तेदारों और पड़ोसियों से उसके बारे में पूछताछ की। तब पता चला कि उसके पति का नाम मैनुद्दीन अंसारी है, वह शराब पीने का आदी है और चूंकि वह कोई काम नहीं करता है, इसलिए उसे शराब पीने के लिए पैसे की जरूरत होती थी। इसलिए वह उसे जबरदस्ती काम पर भेजता था और शराब पीने के लिए उससे पैसे लेता था। अगर वह पैसे नहीं देती थी तो वह उसे मारता-पीटता था।

**मालवणी में छिपा था आरोपी**

पुलिस को जानकारी मिली थी कि उक्त घटना के बाद से आरोपी का कोई अता-पता नहीं चल रहा है। लेकिन वह कहीं छिपा हुआ था। महिला की भाई की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति पर आईपीसी की 302 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपी का कोई भी फोटो पुलिस के पास नहीं था, न हीं आरोपी के पास मोबाइल था। पुलिस ने अपने खबरियों से आरोपी को खोज निकाला और मालवणी से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## 10 साल के बेटे के साथ दो लड़कों ने किया रेप, पुलिस के पास फरियाद लेकर पहुंची मां



**मुंबई** : मुंबई से सटे नवी मुंबई शहर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसके 10 साल के बेटे के साथ दो नाबालिगों ने बलात्कार किया। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्वे में रहने वाली महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके 10 साल के बेटे के साथ दो लड़कों ने दुष्कर्म किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फिलहाल किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। जांच जारी है। आरोपी और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का शिकार लड़का पड़ोसी हैं। उन्होंने बताया कि एक आरोपी 15 साल का है, जबकि दूसरे की उम्र 16 साल है। एक अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां ने अपनी शिकायत में बताया कि दोनों आरोपियों ने 5 अगस्त और 2 सितंबर को उनके घर के परिसर में उसके बेटे के साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने कथित तौर पर किसी से इस बारे में बात करने पर जान से मारने की धमकी दी थी।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### कारोबारी जगत में भय और प्रसन्नता

वर्तमान भारतीय कारोबारी जगत का विरोधाभास यह है कि भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जीतों पर शेयर बाजार में अत्यंत प्रसन्नता का माहौल है जबकि कई कारोबारी दिल्ली में पार्टी की सरकार को लेकर सशंकित भी हैं। चार वर्ष पहले राहुल बजाज (अब हमारे बीच नहीं) ने अमित शाह से कहा था कि उद्योगपति सरकार की आलोचना करने से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर लगता है कि 'इसे ठीक नहीं माना जाएगा।' उन्होंने यह भी कहा था कि उनके उद्योगपति मित्रों में से कोई इस बात को स्वीकार करने का साहस नहीं रखता। उन्होंने मनमोहन सिंह के कार्यकाल से तुलना करते हुए कहा कि उस वक्त कोई भी आसानी से आलोचना कर सकता था। इसके जवाब में शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने संसद में और उसके बाहर भी किसी भी अन्य सरकार की तुलना में अधिक आलोचना का सामना किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा किसी को भयभीत करने का नहीं है। बहरहाल लगता तो यही है कि कारोबारी, सरकार और उसकी 'एजेंसियों' से अब भी भयभीत रहते हैं। कारोबारी लॉबी समूह कहते हैं कि उन्हें मशविरा दिया गया है कि वे सार्वजनिक आलोचना से बचें। परंतु शेयर बाजार के व्यवहार में डर नहीं केवल उम्मीद नजर आती है। यह बात संस्थागत विदेशी निवेशकों और घरेलू निवेशकों, दोनों के उत्साह से समझी जा सकती है। अक्सर यह सुनने में आता है कि कारोबारी अगली गर्मियों के आम चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी सरकार की वापसी चाहते हैं लेकिन एक अल्पमत सरकार के रूप में ताकि गठबंधन साझेदारों का दबाव बना रहे और कोई अति महत्त्वाकांक्षी कदम न उठाया जाए।

ऐसी कहानियां कही जाती हैं कि कैसे पसंद के कारोबारियों की नजर जिन कंपनियों पर होती है वे कर अधिकारियों के निशाने पर आ जाती हैं। संबंधित कंपनी का मालिकाना बदलने के बाद कर के मामले में कुछ सुनने को नहीं मिलता। कारोबारियों को दिवालिया प्रक्रिया में नीलामी से दूर रहने की सलाह दी जाती है और किसी पसंदीदा कारोबारी के नाम नीलामी कर दी जाती है वगैरह। इसके बावजूद कारोबारी मोदी सरकार को तरजीह देते हैं क्योंकि उसने कारोबारियों के अनुकूल कई कदम उठाए हैं। कॉर्पोरेट कर दर में कमी की गई है, घरेलू उत्पादकों को आयात प्रतिस्पर्धा के विरुद्ध टैरिफ और गैर टैरिफ संरक्षण दिया जा रहा है। ध्यान रहे राहुल बजाज समेत ज्यादातर भारतीय कारोबारी वैश्वीकरण के हिमायती नहीं रहे। अप्रत्यक्ष कर को लेकर सुधार किया गया है, निवेश के लिए सब्सिडी दी जा रही है और उत्पादन बढ़ाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अधोसंरचना में भी सुधार हुआ है तो आखिर आलोचना किस बात की हो?

कारोबारियों को लगता है कि मोदी सरकार स्थिरता और निरंतरता प्रदान करती है। कोई नहीं चाहता कि अतीत की गठबंधन सरकारों जैसा अफरातफरी वाला माहौल बने या फिर मनमोहन सिंह के कार्यकाल की तरह नीतिगत पंगुता नजर आए। कर को लेकर आतंक के मामले में हालात कांग्रेस के कार्यकाल से बेहतर हुए हैं या नहीं इस पर अवश्य बहस हो सकती है लेकिन एक अन्य कारक भी है। फिलहाल कांग्रेस की ओर से मुख्य रूप से कल्याण योजनाओं और निःशुल्क उपहारों का ही संदेश सामने आता है जो राजकोषीय मोर्चे पर गैर जवाबदेह है। पार्टी कोई कारोबार समर्थक संदेश नहीं देती। आर्थिक इतिहासकार तीर्थंकर रॉय अपनी पुस्तक अ बिजनेस हिस्ट्री ऑफ इंडिया में कहते हैं कि मुगल साम्राज्य के विस्तार ने ऐसा आर्थिक माहौल बनाया जहां कारोबारी (ज्यादातर पंजाबी खत्री और मारवाड़ के व्यापारी) पूर्व में बंगाल तक फैल सके।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## राज्यसभा सांसद ने किया बड़ा दावा...

# 50 साल से कम उम्र के 5 लाख से ज्यादा लोगों की हार्ट अटैक से हुई मौत!

राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आज शुक्रवार को राज्यसभा में एक बड़ा दावा किया है। शिवसेना (यूटी) से राज्यसभा सांसद ने दावा किया कि देश में 50 साल से कम आयु के 5 लाख से ज्यादा लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई है। उन्होंने कहा कि फाइजर की वैक्सीन जो अमेरिका में कई लोगों को लगाई गई थी, जब उन पर दबाव आया, तो अब जाकर उन्होंने बताया है कि इस वैक्सीन के क्या-क्या साइड इफेक्ट हैं। उन्होंने कहा कि शायद हमें इस पर भी आत्मचिंतन करने की जरूरत है।




**'हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय'**

प्रियंका चतुर्वेदी ने सदन में कहा कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है। इस पर खास तौर पर ध्यान देना चाहिए। हमें इस पर बात करना चाहिए कि कोविड के गंभीर स्वरूप में हेल्थ मिनिस्ट्री ने जो दवाइयां बताई गई, क्या उसमें कहीं कोई कमी रह गई थी। मंत्रालय ने इस विषय पर गाइडलाइन दिए हैं, पर वह इतनी पुख्ता नहीं है कि इस समस्या का निदान बता सकें। उन्होंने आगे कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्हें हार्ट से संबंधित कोई समस्या नहीं थी, पर अचानक हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। राज्यसभा सांसद ने आगे इसे कोरोना से जोड़ते हुए कहा भारत में हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय हैं।

**'विषय पर रिसर्च कर डाटा इकट्ठा करने चाहिए'**

उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को इस विषय पर थोड़ी और ज्यादा रिसर्च कर डाटा इकट्ठा करने चाहिए। इसके जरिए यह भी देखा जाना चाहिए कि कोरोना के बाद इसके क्या प्रभाव हो रहे हैं। साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए कि जो दवाई या जो वैक्सीन है, उसको लेकर हमें रिसर्च और फ्रेमवर्क बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय को फ्रेमवर्क बनाना होगा कि 50 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक को कैसे काबू में ला सकते है। उन्होंने कहा कि लैंसेट (रिसर्च पत्रिका) की स्टडी बताती है कि भारत में 5 से 6 लाख लोगों की हार्ट अटैक से मौत हुई है और यह सभी 50 साल से कम उम्र के थे।

## रो रहा था भांजा, मामा ड्रम में डुबा दिया



**धुले :** एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मामा ने अपने सगे भांजे को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि वह जोर-जोर से रो रहा था। आरोप है कि जब चार साल का बच्चा काफी देर तक चुप नहीं हुआ तो आरोपी मामा ने उसे ड्रम में डुबा दिया। जिससे तड़प-तड़प कर मासूम की मौत हो गयी।

जानकारी के मुताबिक, यह सनसनीखेज घटना धुले शहर के फिरदोस नगर की है। पुलिस ने इस मामले में 22 साल के मामा नुरुल अमीन को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चालीसगांव रोड पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। फिरदोस नगर के रातरानी चौक की रहने वाली मरियम बी एजाज हुसैन अपने माता-पिता के घर गई थीं। वारदात के दिन मामा और भांजे खेल रहे थे। कुछ देर बाद भांजा मोहम्मद हाजिक एजाज रोने लगा। कथित तौर पर मामा नुरुल अमीन ने भांजे को चुप कराने की बहुत कोशिश की लेकिन वह शांत नहीं हुआ।

गुस्से में आकर मामा ने उसे बाथरूम में प्लास्टिक के ड्रम में फेंक दिया। जब काफी देर तक मोहम्मद घर में नहीं दिखा तो उसकी मां मरियम ने उसकी तलाश शुरू की। सारा घर ढूँढने पर भी मोहम्मद नहीं मिला, तो मां परेशान हो गयी। बाद में चार वर्षीय मोहम्मद का शव ड्रम में मिला। ड्रम में सिर पानी में और पैर ऊपर की तरफ था। जब घरवालों ने मामा से इसके बारे में पूछा तो उसने सब कुछ बता दिया। नुरुल अमीन ने बताया कि भांजे की रोने की वजह से उसके सिर में दर्द हो रहा था। इसलिए उसने ऐसा किया। इस बीच परिजन बच्चे को अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## विधायक अयोग्यता याचिका की सुनवाई, अधिक समय लगने की संभावना - राहुल नार्वेकर



**नागपुर :** सुप्रीम कोर्ट ने विधायक अयोग्यता याचिका की सुनवाई ३१ दिसंबर तक पूरी करने का आदेश दिया है। इसके मुताबिक सुनवाई तेजी से पूरी करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि इसके बावजूद और अधिक समय लगने की संभावना है। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कल स्पष्ट किया कि इस बारे में सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया जाएगा। पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष ने सुनवाई की जानकारी दी। विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के साथ ही विधायक अयोग्यता की सुनवाई भी शुरू हो गई है। इसके लिए हमें विधानसभा और सुनवाई पर १२- १२ घंटे काम करना होगा। शनिवार और रविवार को सुनवाई होगी और अगर दोनों पक्ष सहयोग करेंगे तो सुनवाई समय पर पूरी हो सकती है। फिलहाल अभी भी आवेदन दाखिल किए जा रहे हैं।

# सेंट जॉर्ज अस्पताल कर्मचारी कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बंद, 1.30 करोड़ का बिजली बिल बकाया

**मुंबई :** 'बेस्ट' ने राज्य सरकार के अधीन फोर्ट स्थित महत्वपूर्ण सेंट जॉर्ज अस्पताल कर्मचारी कॉलोनी में बिजली आपूर्ति बंद कर दी, क्योंकि १.३० करोड़ रुपए का बिल भुगतान नहीं किया था। कोलाबा विधानसभा में सेंट जॉर्ज हॉस्पिटल में तीनों श्रमिक कॉलोनियां हैं, जिनके नाम वृंदावन, मातृछाया और जय अंबे हैं और इन तीन कॉलोनियों में कुल ६० परिवार रहते हैं।

ऐसे में इन तीनों कॉलोनियों के करीब ६० परिवार सुबह से ही परेशान नजर आए। शाम तक बिजली वापस न आने से रहिवासी काफी परेशान थे और कई जगह उन्होंने बातचीत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से श्रमिक परिवारों द्वारा



'घाती' सरकार के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। फोर्ट स्थित सेंट जॉर्ज अस्पताल सरकार के महत्वपूर्ण अस्पतालों में से एक है। यहां हर दिन मुंबई समेत राज्य के कोने-कोने से सैकड़ों मरीज आते हैं। कोरोना काल में इस अस्पताल के कर्मचारियों ने अपनी और अपने परिवार की जान जोखिम में डालकर हजारों कोरोना मरीजों की जान बचाई। हालांकि, इन श्रमिकों के मुद्दों पर ध्यान नहीं देने के लिए खोखा सरकार की आलोचना की जा रही है। ऐसा बार-बार हो रहा है, छह महीने पहले भी कुछ ऐसा ही हुआ था, लेकिन इस बार शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 'बेस्ट' का अनुसरण किया और तुरंत बिजली आपूर्ति शुरू कर दी। लेकिन शिवसेना के पूर्व नगरसेवक गणेश सनप ने कहा कि बिल बकाया होने के कारण बिजली आपूर्ति काट दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह सरकार की विफलता के कारण बार-बार ऐसी स्थिति पैदा हो रही है।




# भिवंडी में दो लोगों ने एक नाबालिग की हत्या कर दी...

## हत्या के बाद शव को गाड़ दिया जमीन में

**ठाणे:** पुलिस जांच में पता चला है कि भिवंडी काल्हेर इलाके का एक नाबालिग लड़का, जो पिछले 14 दिनों से लापता था, और जांच में पता चला उसकी कोयते और चाकू मारकर हत्या कर दी और उसके शव को जमीन में गाड़ दिया गया. दुश्मनी के कारण हत्या करने की बात सामने आने के बाद पुलिस ने 19 साल के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। लापता बच्चे के मोबाइल नंबर




पर आई कॉल के आधार पर पुलिस ने इस वारदात का खुलासा किया है. मारे गए लड़के की पहचान योगेश शर्मा (16) के रूप में हुई है, जबकि उसकी हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार रात आयुष झा (19) और मनोज टोपे (19) को गिरफ्तार किया है। योगेश शर्मा काल्हेर के आशापुरा गैलेक्सी में रहते थे. वह 25 नवंबर से लापता था. उसका पता न चलने से परिजन परेशान थे। इसके चलते उन्होंने 28 नवंबर को नारपोली पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए नारपोली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस ने उसके मोबाइल फोन के कॉल रिकॉर्ड की जांच की. पता चला कि जिस दिन वह लापता हुआ, उस दिन वह आयुष और मनोज के संपर्क में था। इसके बाद पुलिस टीम ने आयुष और मनोज को हिरासत में लिया और पूछताछ की. इसमें उसने दुश्मनी के कारण योगेश की हत्या करने की बात कबूल की। आयुष और मनोज का योगेश से विवाद हो गया। इसलिए उन्होंने उसे 25 नवंबर को काल्हेर क्षेत्र के रेतीबंदर में बुलाया। वहां उसकी कोयते और चाकू मारकर हत्या कर दी। उसके बाद उसके शव को जमीन में गाड़ दिया गया। पुलिस ने दफनाए गए शव को निकलवाया और मामले का खुलासा किया।

# महिला पुलिस अधिकारी को दांत से काटने वाली महिला आरोपी गिरफ्तार...



**मुंबई:** एक गंभीर घटना घटी है जहां एक महिला आरोपी ने उच्च न्यायालय में गश्त पर तैनात एक महिला पुलिस अधिकारी के हाथ पर दांत काट लिया. आजाद मैदान थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. शिकायतकर्ता निकिता कदम (23) हाईकोर्ट की सुरक्षा में तैनात थी। उस वक्त आरोपी महिला अफसाना अब्बास अली खातून अंसारी (36) चिल्ला रही थी. जब कदम ने उसे समझाने की कोशिश की तो उसने कदम के बाएं हाथ पर काट लिया। फिर नाखून खुजाया. वहां मौजूद नागरिकों ने अंसारी को समझाने की कोशिश की. लेकिन गुस्साए अंसारी ने कदम को लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया. इसके बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने घटना को रोका. साथ ही मदद के लिए पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया गया. तदनुसार, आजाद मैदान पुलिस की मोबाइल वैन मौके पर पहुंची।घटना के बाद अंसारी को हिरासत में लिया गया और आजाद मैदान पुलिस स्टेशन लाया गया। इस मामले में कदम की शिकायत पर अंसारी के खिलाफ महिला पुलिसकर्मी से मारपीट, सरकारी काम में बाधा डालने, घायल करने, धमकी देने आदि विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था.

# आंदोलन की राह पर मनपा के इंजीनियर-डॉक्टर... ५० को मिली है नोटिस

**मुंबई :** कोरोना काल में डॉक्टर अपनी जान जोखिम में डालकर मुंबईकरों की जान बचाने के लिए कोविड सेंटर से जुड़े कामों में जुटे रहे। इस दौरान उन्होंने अपनी जान तक की परवाह नहीं की। उन्हें भगवान का दर्जा दिया जाने लगा था।

मनपा में कार्यरत करीब ५० डॉक्टरों और इंजीनियरों को ईडी का नोटिस मिला है। ऐसे में उन्हें बार-बार पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। ईडी की इस तानाशाही से ये सचमुच परेशान हो चुके हैं। इसलिए मनपा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने ईडी पर अनावश्यक मानसिक पीड़ा देने का आरोप लगाया है। साथ ही इस तरह का व्यवहार बंद नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

# मेट्रो कर्मचारी की मौत के मामले में कंसल्टेंट और ठेकेदार कंपनी पर लगा जुर्माना




**ठाणे:** तीन हाट नाका स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पास मेट्रो लाइन पर काम करते समय बुधवार को एक मजदूर की 7 मीटर की ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई. इस संबंध में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने ठेकेदार पर 5 लाख रुपये और सलाहकार पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. एमएमआरडीए ने यह भी स्पष्ट किया कि इस बात की जांच की जाएगी कि कर्मचारी की मौत वास्तव में किस कारण से हुई।

एमएमआरडीए के माध्यम से वडाला-घाटकोपर-कासरवडली मेट्रो फोरलेन का निर्माण चल रहा है। इस मार्ग के निर्माण के लिए निजी ठेकेदारों और सलाहकारों को नियुक्त किया गया था। सलाहकार यह जाँचते हैं कि कार्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करके किया जा रहा है या नहीं। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे मजदूर धनंजय चौहान (33) काम करते समय सात मीटर की ऊंचाई से गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में नौपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

इस मामले को एमएमआरडीए ने गंभीरता से लिया है। एमएमआरडीए ने इस पर एक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है कि आखिर यह घटना कैसे हुई। साथ ही तत्काल दंडात्मक कार्रवाई के तौर पर ठेकेदार पर 5 लाख रुपये और कंसल्टेंट पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. कुछ महीने पहले कैडबरी नाका में मेट्रो पोल के निर्माण के लिए लगाई गई शीट एक महिला के ऊपर गिरने से उसकी मौत हो गई थी. तीन हाट नाका पर सड़क से गुजर रही एक कार में मेट्रो बीम की लोहे की रॉड घुस गई। घटना में किसी को चोट नहीं आई. लगातार हो रही घटनाओं से नागरिक मेट्रो की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

# डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र अंधेरे में...

## सुबह के समय रेलवे स्टेशन क्षेत्र में आने वाले नागरिकों को होती है असुविधा


**डोंबिवली:** पिछले दो दिनों से डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन के आसपास की स्ट्रीट लाइटें बंद रहने के कारण यात्रियों को अंधेरे में रेलवे स्टेशन तक जाना पड़ रहा है। पैदल चलने वालों को मोबाइल बैटरी के सहारे इस क्षेत्र से गुजरना पड़ता है। सुबह के समय कई महिलाएं रेलवे स्टेशन पर आती हैं। उनमें से अधिकांश पीड़ित हैं।

डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र। राठ रोड, रामनगर यातायात



विभाग कार्यालय क्षेत्र सबसे व्यस्त सड़क है। इस क्षेत्र में रिक्शा स्टैंड हैं। इस सड़क से डोंबिवली रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों का आवागमन रहता है। एक व्यापारी जो सुबह-सुबह सब्जियां और मछली लाने के लिए मुंबई, कल्याण क्षेत्र में गया था, जब वह डोंबिवली पूर्व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में आया, तो उसे अंधेरे में वांछित गंतव्य तक पैदल चलना पड़ा। कई कॉलेज छात्र सुबह ही रेलवे स्टेशन से मुंबई, ठाणे क्षेत्र की यात्रा करते हैं। इस अंधेरे के कारण उन्हें अपने माता-पिता को अपने साथ लाना पड़ता है।

# मुंबई में 12 दिन में 3 लाख का गुटखा जब्त... खाद्य एवं औषधि प्रशासन मुंबई की कार्रवाई !



**मुंबई :** मुंबई में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में गुटखा, पान मसाला और मसाले बेचे जा रहे हैं. इसलिए, खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पिछले कुछ दिनों से इन उत्पादों के विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके मुताबिक, 12 दिनों में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने 20 लाख रुपये का गुटखा, पान मसाला और सुगंधित तंबाकू जब्त किया है.

# विरार में वैतरणा और शिरगांव खाड़ी में अवैध रेत खनन पर राजस्व विभाग की कार्रवाई...

## 10 लाख कीमत की तीन सक्शन नाव और 20 ब्रास रेत जब्त



**वसई:** वैतरणा और शिरगांव खाड़ी में अवैध रेत खनन के खिलाफ राजस्व विभाग ने बुधवार को कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में करीब 10 लाख कीमत की तीन सक्शन नाव और 20 ब्रास रेत जब्त की गई है. विरार के पास वैत्राणा और शिरगांव में नरिंगी खाड़ी में सक्शन पंप लगाकर रेत निकाली जा रही है। इस रेत प्रदूषण के कारण वैत्राणा ब्रिज नंबर 92 पर पर्यावरण के लिए खतरा पैदा होने लगा है। इस संबंध में पालघर कलेक्टर ने अवैध रेत खनन को रोकने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसी के तहत बुधवार को शिरगांव ब्रिज नंबर 88 और वैतरणा ब्रिज नंबर 92 पर अचानक छापेमारी की गई. बताया गया है कि इस समय अवैध बालू खनन चल रहा है. इसमें सक्शन पंप वाली तीन नावें और करीब 10 लाख रुपये कीमत की 20 ब्रास रेत जब्त की गई।

# महिला डॉक्टर का अश्लील टेप बनाने वाला कर्मचारी गिरफ्तार...



**मुंबई:** तीन दिन पहले नगर निगम के एक अस्पताल में एक घटना हुई थी, जिसमें अस्पताल के एक सफाई कर्मचारी ने एक स्थानीय महिला डॉक्टर का अश्लील टेप बनाने की कोशिश की थी। आरोपी का नाम अशोक गुप्ता (उम्र 28 साल) है और वह अस्पताल में सफाईकर्मी है। रविवार सुबह आरोपी उसी अस्पताल में रेजिडेंट महिला डॉक्टर के कमरे में सफाई के लिए गया। उस वक्त जब महिला डॉक्टर नहा रही थी तो आरोपी ने टॉयलेट की खिड़की से महिला की अश्लील तस्वीरें लेने की कोशिश की. इस मामले पर जब महिला डॉक्टर की नजर पड़ी तो उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई. तदनुसार, पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com